केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष के आरोपों का जवाब दिया

विपक्ष के शासनकाल में शिक्षा बदहाल रही: प्रधान

निशाना

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। उच्च शिक्षा में हो रहे बदलाव के बहाने आरएसएस और भाजपा पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हमले का केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जवाब दिया है। प्रधान ने एक्स पर खरगे के पोस्ट का जवाब देते हुए कहा है कि देश की शिक्षा व्यवस्था को दशकों तक बदहाल और भ्रष्ट बनाकर रखने वाली कांग्रेस पार्टी की मानसिकता आज भी वही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया था कि यूजीसी मसौदा विनियम, 2025, राज्य के राज्यपालों को कुलपति नियुक्तियों पर व्यापक नियंत्रण देता है और गैर-शैक्षणिक लोगों को इन पदों पर रहने की अनुमति देता है। उन्होंने इसे संघवाद और राज्य के अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया था। खरगे ने कहा था कि आरएसएस की विचारधारा लागू करने की कोशिश की जा रही है। इसके जवाब में केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा शिक्षा जैसे मुद्दे पर भी भ्रम फैलाकर युवाओं को बरगलाकर देश में अशांति फैलने की चाह रखना ही कांग्रेस

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस को घेरा

अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित पूरी कांग्रेस की नीति बन चुकी है। प्रधान ने कहा कि यूजीसी विनियम 2010 हो, 2018 हो या वर्तमान 2025 के यूजीसी विनियम हों सभी में ये स्पष्ट है कि चांसलर /विजिटर ही कुलपति नियुक्त करते हैं। उन्होंने कहा, जहां तक राज्यपालों द्वारा कुलपति की जिम्मेदारियों के निर्वहन का सवाल है, तो ये ऐसी प्रथा है जो देश की स्वतंत्रता से भी पहले से चली आ रही है।

प्रधान ने कहा कि यूजीसी रेगुलेशन 2025 की चयन समिति संरचना वास्तव में यूजीसी विनियम 2010 का ही प्रारूप है। इसमें शिक्षकों व अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु चयन समिति का गठन हुआ है। जिसके सदस्यों में चांसलर /विजिटर द्वारा नामित व्यक्ति (समिति का अध्यक्ष), यूजीसी चेयरमैन द्वारा नामित व्यक्ति एवं विश्वविद्यालय के कार्यकारी समिति द्वारा नामित व्यक्ति शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि जहां तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बात है तो, कांग्रेस को इससे इसलिए समस्या है, क्योंकि इसमें भारतीयता के अंश हैं। यह वही पार्टी है जिसने दशकों तक सत्ता में रहते हुए भारतीय शिक्षा प्रणाली को कमजोर किया और हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर को पाठ्यपुस्तकों से मिटाने का काम किया।

प्रियंका बोलीं- युवाओं का भविष्य अंधकार में

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि भाजपा के शासनकाल में युवाओं का भविष्य अंधकार में है। छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। रविवार को शिक्षकों के प्रदर्शन का वीडियो प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। प्रियंका ने एक्स पर लिखा कि छत्तीसगढ़ का यह वीडियो देश के युवाओं की दुर्दशा का एक छोटा सा उदाहरण है।

देशभर की जेलों में 75 फीसदी विचाराधीन कैदी

रिपोर्ट

■ प्रभात कुमार

नई दिल्ली। देशभर की जेलों में लगभग 75 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं, जबकि सजायाफ्ता कैदियों की संख्या महज 25 फीसदी है। इतना ही नहीं, जम्मू कश्मीर, दिल्ली और बिहार की जेलों में सजायाफ्ता की तुलना में विचाराधीन कैदियों की संख्या राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। इसका खुलासा, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा जारी विचाराधीन कैदी समीक्षा समिति की रिपोर्ट में किया गया।

रिपोर्ट में कहा गया कि देशभर की जेलों में कुल कैदियों की संख्या 5,58,70 है और इनमें से 3,77,310 यानी 75.46 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर की जेलों में कुल कैदियों का 97.5 फीसदी, दिल्ली में 88.5 फीसदी और बिहार में 86.5 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं।

25982 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया : नालसा की रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2024 में यूटीआरसी की सिफारिश पर देशभर की जेलों से 25,982 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया जो कि जेलों में बंद कुल कैदियों का 5 फीसदी है। साथ ही कहा कि समिति की सिफारिश पर 2019 में 12,487 और 2024 में 25,982 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया। इतना ही नहीं, इनमें से 6 हजार से अधिक कैदी पिछले 3 माह में रिहा किए गए।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर यूटीआरसी का गठन : जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखने एवं अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देश के सभी जिलों में विचाराधीन कैदी समीक्षा समिति (यूटीआरसी) गठित की गई। देश के 705 जिलों में यूटीआरसी है।

सजायाफ्ता, विचाराधीन कैदियों की संख्या



ईडी ने जब्त की 15 करोड़ की संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय ने ज्योति पावर कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों, भागीदारों और उनके परिवार के सदस्यों की 15.01 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति जब्त की है। जब्त संपत्ति का बाजार मूल्य 20 करोड़ है।

ईडी के अहमदाबाद कार्यालय ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत इन संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ईडी ने सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर अपनी जांच शुरू की। एफआईआर में जेपीसीपीएल और उसके निदेशकों और प्रमोटरों पर बैंक ऑफ इंडिया को धोखाधड़ी से ऋण चुकाने में चूक करने का आरोप लगाया गया है।

याचिकाओं पर कल होगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट कंसोर्टियम आफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (सीएनएलयू) की याचिकाओं पर 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। याचिका में सामान्य विधि प्रवेश परीक्षा 2025 के परिणामों के खिलाफ दायर याचिकाओं को विभिन्न हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है।

वहीं, उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। याचिका खारिज किये जाने के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन समिति ने अदालत में अपील की है। पीठ ने पिछले साल नौ दिसंबर को इस मामले में अंतिम सुनवाई शुरू की थी।

हिन्दुस्तान सुर्खियां बीते और नए वर्ष पर एक नजर

रोज एक सवाल, रोज ढेरों इनाम...

आज का सवाल : इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का फाइनल कब होगा?

सही विकल्प चुनें-

(A) 10 मई 2025 (B) 18 मई 2025
(C) 20 मई 2025 (D) 25 मई 2025

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ऊपर दिए बार कोड को स्कैन करें और जवाब लिख भेजें। सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों में से 15 भाग्यशाली विजेताओं को लकी ड्रॉ द्वारा चुना जाएगा और उन्हें मिलेंगे 1000 रुपये के वाउचर। साथ ही प्रतियोगिता के अंत में तीन भाग्यशाली विजेताओं को आईफोन 15 मिलेंगे।

कल के सवाल का जवाब-विकल्प-C सिकंदर

फिल्म 'सिकंदर' के साथ 2025 में बड़े पर्दे पर धूम मचाएंगे सलमान खान

बॉलीवुड के भाईजान इस साल बड़े पर्दे पर नजर आएंगे। 2025 में सलमान खान अपने फैंस को फिल्म सिकंदर का तोहफा देंगे। कुछ दिन पहले इस फिल्म का टीजर सामने आया था, जिसमें सलमान का फर्स्ट लुक लोगों को खूब पसंद आया। एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ सलमान खान अलग अंदाज में सामने आएंगे। सलमान के साथ रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन एआर मुरुगदास ने किया है। 'सिकंदर' इस साल ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

10 जनवरी के प्रश्न का सही जवाब देने वाले भाग्यशाली विजेता

विजेताओं के नाम :-

1. मनीष जुगरान (jugran.ma****@gmail.com) 2. प्रियांशु (74****74) 3. अभिषेक कुमार (99****26) 4. आसिफ (96****93) 5. सुशांत राय (sushantk.r****@gmail.com) 6. अशोक खुराना (94****25) 7. सहलेश कुमार (86****85) 8. हरि गोपाल गुप्ता (94****25) 9. नीरजा जैन (98****13) 10. फहीमुद्दीन (97****30) 11. दिलीप साव (84****21) 12. संजय कुमार (76****49) 13. पूनम गोस्वामी (91****28) 14. राज सामंत (81****01) 15. मनोज सिंह (80****26)

विजेताओं से ईमेल द्वारा संपर्क किया जाएगा। ईमेल के उत्तर में पहचान के लिए वोटर आईडी, आधार या पैन कार्ड देना होगा। इसके बाद वाउचर ईमेल से ही भेजे जाएंगे।

किसान संगठन 18 को बनाएंगे नई रणनीति

चंडीगढ़, एजेंसी। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के नेताओं ने पंजाब और हरियाणा की सीमाओं पर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दो किसान संगठनों के साथ सोमवार को बैठक की। किसान नेताओं ने कहा कि लड़ाई जीतने के लिए जनता का समर्थन बहुत जरूरी है।

इस बीच, एसकेएम (गैर-राजनीतिक), केएमएम और एसकेएम के सदस्यों ने कृषि विपणन पर केंद्र की मसौदा नीति की प्रतियां जलाईं। डेढ़ महीने से अधिक समय से भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के बिगड़ते स्वास्थ्य के मद्देनजर प्रदर्शनकारी किसानों के अनुरोध पर बैठक 15 जनवरी के बजाय 13 जनवरी को की गई। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए तीनों संगठनों के नेताओं ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। केएमएम नेता पंढेर ने कहा, हमने 18 जनवरी को एक और बैठक बुलाई है। लोग चाहते हैं कि सभी एकजुट होकर लड़ें। एसकेएम नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने कहा कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कोई भी किसान नेता एक-दूसरे के खिलाफ कोई बयान नहीं देंगे। हम जानते हैं कि हमारे दुश्मन और मुद्दे एक ही हैं और हमें एक संयुक्त लड़ाई लड़नी है।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर हैं।

अमृतसर में सोमवार को किसान मजदूर संघर्ष समिति की ओर से जारी विरोध प्रदर्शन के तहत किसानों ने केंद्र की मसौदा नीति की प्रतियां जलाईं। ● प्रेट्र

ट्रेन विस्फोट मामले में दलील पेश की

मुंबई, एजेंसी। बॉम्बे हाईकोर्ट में सोमवार को एक वरिष्ठ वकील ने कहा कि 11 जुलाई 2006 को लोकल ट्रेन में हुए विस्फोट मामले के आरोपी निर्दोष होने के बावजूद पिछले 18 वर्षों से जेल में बंद हैं।

वरिष्ठ वकील ने हाईकोर्ट से दोषियों को बरी करने तथा उनकी दोषसिद्धि को रद्द करने की अपील की। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चंडाक की विशेष पीठ के सामने उम्रकैद के दो सजायाफ्ता मुजरिमों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील एस. मुरलीधर पेश हुए। वरिष्ठ वकील मंगलवार को अपनी दलीलें जारी रखेंगे।

ठगों ने ज्वेलरी स्टोर पर 25 करोड़ खर्च किए

मुंबई, एजेंसी। टोरेस निवेश धोखाधड़ी मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने नया खुलासा किया है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि आरोपियों ने स्टोर खोलने, हीरे खरीदने तथा निवेश पर रिटर्न देने में शुरू में 25 करोड़ रुपये खर्च किए। आरोपियों ने निवेशकों से एकत्रित धन को अवैध रूप से विदेश भेजा।

ईओडब्ल्यू ने सोमवार को मुंबई के कांदिवली स्थित टोरेस शोरूम की तलाशी ली। ईओडब्ल्यू ने अब तक आरोपियों से 17.40 करोड़ रुपये की संपत्ति बरामद की है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि अब तक कुल 1,916 निवेशकों ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि घोटाला प्रारंभिक आकलन से बड़ा लग रहा है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को तीन आरोपियों की पुलिस हिरासत 18 जनवरी तक बढ़ा दी।

चुनाव संचालन नियम संबंधी याचिका पर सुनवाई 15 को

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। चुनाव संचालन नियम-1961 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को सुनवाई होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने सीसीटीवी कैमरे और वेबकास्टिंग फुटेज, उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के बारे में किए गए बदलाव को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, कांग्रेस नेता रमेश की ओर से दाखिल

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दाखिल की है याचिका

याचिका पर 15 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सुनवाई होगी।

कांग्रेस नेता ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दाखिल कर चुनाव संचालन नियम-1961 के प्रावधानों में किए गए संशोधनों को चुनौती दी थी।

केरल पुलिस कब्र से नहीं निकाल पाई शव

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। तिरुवनंतपुरम पुलिस 69 वर्षीय गोपन स्वामी की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए उनके शव को कब्र से नहीं निकाल पाई। क्योंकि इस दौरान उनके परिवार के सदस्यों और कुछ स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन कर दिया। इससे पुलिस को यह कवायद अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी।

मृतक के परिवार ने दावा किया है कि उन्होंने समाधि ली है। नेय्याट्टिनकारा में प्रदर्शन के बाद अधिकारियों ने इस मुद्दे के समाधान के लिये परिवार के साथ चर्चा शुरू करने का फैसला किया है। गोपन स्वामी के पुत्र राजसेनन ने कहा कि वह कब्र को क्षतिग्रस्त नहीं होने देंगे।

ओडिशा में आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा के राज्य में सत्ता में आने के सात महीने बाद ओडिशा सोमवार को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल हो गया। इस योजना में शामिल होने वाला ओडिशा देश का 34वां राज्य बन गया है।

ओडिशा सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान, सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओरांव की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। ज्ञात हो कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने ओडिशा की पिछली सरकार से आयुष्मान भारत में शामिल होने का आग्रह किया था, लेकिन बीजद सरकार ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। बीजद का तर्क था कि उसकी अपनी चिकित्सा बीमा योजना, बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) इस योजना से बेहतर है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को ओडिशा में मौजूदा गोपबंधु जन आरोग्य योजना के साथ मिलकर लागू किया जाएगा। इससे प्रति परिवार प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिलेगा।

ओडिशा का शामिल होना ऐतिहासिक क्षण : नड्डा

नई दिल्ली, वि.सं.। ओडिशा के आयुष्मान भारत योजना में शामिल होने पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है। देश की करीब 45 फीसदी आबादी आयुष्मान भारत योजना के दायरे में आ चुकी हैं। पश्चिम बंगाल और दिल्ली के अलावा बाकी राज्य इस योजना में शामिल हो चुके हैं।

रहस्यमय बीमारी से दो और बच्चों की मौत

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बडहाल गांव में रहस्यमय बीमारी के कारण सोमवार को दो और बच्चों की मौत हो गई। इसी परिवार के छह बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

मोहम्मद असलम के छह बच्चों को शनिवार शाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उन्हें राजौरी के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एसोसिएटेड हॉस्पिटल में भेजा गया और बाद में जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। पांच वर्षीय नबीना ने रविवार को दम तोड़ दिया। सोमवार को जहूर और मारूफ की भी मौत हो गई।

एक्सपायर दवा मामले की सीआईडी जांच के आदेश

प. बंगाल

कोलकाता, एजेंसी। पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को एक्सपायर दवा मामले की सीआईडी जांच कराने के आदेश दिए हैं। मुख्य सचिव मनोज पंत ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में ये निर्णय लिया गया। एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद कथित तौर पर 'एक्सपायर' इंट्रावेनस फ्लूइड चढ़ाने से एक महिला की मौत और तीन अन्य की हालत गंभीर हो गई थी। मनोज पंत ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित 13 सदस्यीय समिति मामले की समानांतर जांच करेगी।

हाईकोर्ट सुनवाई करेगा : कलकत्ता हाईकोर्ट एक सरकारी अस्पताल में महिला की मौत मामले की सीबीआई जांच के अनुरोध वाली जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा। महिला की प्रसव बाद कथित तौर पर 'एक्सपायर' दवा चढ़ाने से मौत हो गई थी।

SBI हर भारतीय का बैंक
भारतीय स्टेट बैंक
स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना-800 001

सूचना

बिहार एवं झारखंड के लिए वास्तुविदों/परामर्शदाताओं को सूचीबद्ध करना

भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना प्रतिष्ठित वास्तुविदों/ वास्तुविदों के फर्मों/परामर्शदाताओं से सिविल/विद्युत/ एयर-कंडीशनिंग/ फायर-फाइटिंग एवं इंटीरियर-फर्नीशिंग के कार्यों के लिए निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित करता है ताकि उन्हें बिहार एवं झारखंड के हमारे विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं में कार्य हेतु सूचीबद्ध किया जा सके। वैसे वास्तुविदों/फर्मों के वास्तुविदों/ परामर्शदाताओं जो पहले से ही हमारे सूची में है उन्हें भी अपना आवेदन पत्र नए सिरे से जमा करने होंगे। इच्छुक आवेदक हमारे वेबसाइट https://sbi.co.in के/पर "Procurement news" तथा https://bank.sbi के/पर "Procurement news" के अंतर्गत नोटिस एवं प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी डाउनलोड कर सकते है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29.01.2025 तक है।

सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं संपदा)
दूरभाष : 0612-2820820

सुरक्षा के लिए खतरा नौ अवैध धार्मिक ढांचे गिराए

गुजरात

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने जामनगर में पिरोटन द्वीप पर नौ अवैध धार्मिक ढांचों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए गिरा दिया। करीब 4000 वर्ग फीट में फैले अतिक्रमण को रविवार को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया।

अरब सागर में स्थित पिरोटन द्वीप के पास पांच सिंगल प्वाइंट मूरिंग (एक प्रकार की टैंक भंडारण सुविधा) स्थित हैं। ये देश की 60 फीसदी कच्चे तेल की आपूर्ति करते हैं। यह द्वीप मरीन नेशनल पार्क का भी हिस्सा है। अवैध ढांचों से समुद्री जीवन को काफी नुकसान पहुंच रहा था। इस अतिक्रमण से प्रमुख उद्योगों और रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए खतरा था। नशीले पदार्थों का जोखिम बढ़ने का भी अंदेशा था।

गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्र के समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा के लिए उठाया गया। कहा कि द्वीप से 4000 वर्ग फीट में फैले नौ अवैध धार्मिक ढांचों को हटा दिया गया।

OCCASION & WEDDING COLLECTION
Raymond
Extra fine Pure Wool, Silk, Linen & Cotton blended Fabrics
For Formals, Casual & Party Wears
By Economy Sales: 9212758425
Latest Range of Designs & Colors
GIFT PACKS AVAILABLE
upto 60% off
BLAZER • SUIT
SHIRT • TROUSER • JACKET
Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx | ARROW
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

HCL TECHNOLOGIES LIMITED
Corporate Identity Number : L74140DL1991PLC046369
Registered Office : 806, Siddharth, 96 Nehru Place, New Delhi, 110 019
Corporate Office : Plot No. 3A, Sector 126, Noida 201 304, U.P., India
Website: www.hcltech.com; Telephone: +91 11 26436336; Fax no: +91 120 4680330

Extract of Consolidated Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended 31 December 2024 (Unaudited)	Nine months ended 31 December 2024 (Unaudited)	Three months ended 31 December 2023 (Unaudited)
Total income from operations	29,890	86,809	28,446
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	6,132	17,526	5,874
Net profit for the period before tax	6,132	17,526	5,874
Net profit for the period after tax	4,594	13,090	4,351
Net profit for the period after tax and non-controlling interest	4,591	13,083	4,350
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and non-controlling interest and other comprehensive income after tax)	4,177	13,196	4,950
Equity share capital (par value ₹ 2 each)	543	543	543
Other equity#	67,720	67,720	64,862
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)			
Basic (in ₹)	16.94	48.26	16.06
Diluted (in ₹)	16.93	48.23	16.03

Balances for three and nine months ended 31 December 2024, represent balances as per the audited consolidated balance sheet for the year ended 31 March 2024 and balances for three months ended 31 December 2023, represent balances as per the audited consolidated balance sheet for the year ended 31 March 2023, as required by Securities and Exchange Board of India {Listing Obligation and Disclosure Requirements} Regulations, 2015.

Extract of Standalone Financial Results of HCL Technologies Limited as per Ind AS: (₹ in crores)

Particulars	Three months ended 31 December 2024 (Unaudited)	Nine months ended 31 December 2024 (Unaudited)	Three months ended 31 December 2023 (Unaudited)
Total income from operations	13,274	37,673	12,531
Net profit for the period before tax, exceptional and/or extraordinary items	4,680	12,397	4,391
Net profit for the period before tax	4,680	12,397	4,391
Net profit for the period after tax	3,526	9,221	3,349
Total comprehensive income for the period (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax)	3,596	8,965	3,191
Equity share capital (par value ₹ 2 each)	543	543	543
Other equity#	38,927	38,927	40,561
Earnings per equity share (of ₹ 2 /- each) (for continuing and discontinued operations) (₹)			
Basic (in ₹)	13.01	34.01	12.37
Diluted (in ₹)	13.00	33.99	12.34

Balances for three and nine months ended 31 December 2024, represent balances as per the audited standalone balance sheet for the year ended 31 March 2024 and balances for three months ended 31 December 2023, represent balances as per the audited standalone balance sheet for the year ended 31 March 2023, as required by Securities and Exchange Board of India {Listing Obligation and Disclosure Requirements} Regulations, 2015.

Notes :

1. The consolidated and the standalone financial results for the three and nine months ended 31 December 2024 were reviewed by the Audit Committee and have been approved and taken on record by the Board of Directors at its meeting held on 13 January 2025. The statutory auditors have issued unmodified review report on these results.
2. The Board of Directors have declared an interim dividend of ₹18 per share including a special dividend of ₹ 6 per share at its meeting held on 13 January 2025. The special dividend has been declared by the Board to celebrate 25 years of public listing.
3. Financial results for all the periods presented have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (as amended from time to time) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent applicable.
4. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full formats of the quarterly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges, www.nseindia.com, www.bseindia.com, and on the Company's website, www.hcltech.com, and these can also be accessed through the QR code given below.

By the order of the Board of Directors
for HCL Technologies Limited

Roshni Nadar Malhotra
Chairperson
DIN - 02346621

C. Vijayakumar
Chief Executive Officer and
Managing Director
DIN - 09244485

Shiv Walia
Chief Financial Officer

Noida (UP), India
13 January 2025

HCL